सोनभद्र। भारत सरकार के केन्द्रिय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति के जनपद सोनभद्र में दो दिवसीय आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे के नेतृत्व में जनपद की सीमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया तत्पश्चात् भाजपा जिला कार्यालय आयोजित बैठक में मंत्री का सभी कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मंत्री जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए भारत सरकार के केन्द्रिय मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति ने कहा कि इस तपती हुई धूप में गर्मजोशी से सभी कार्यकर्ताओं ने जो स्वागत किया है उसके लिए मै आप सबकी आभारी हूं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है जो आज मंच पर बैठे है कल वो नीचे बैठे थे जो आज निचे बैठे है वो कल मंच पर बैठेंगे सभी विधायक पदाधिकारी एक दिन पूर्व होंगे किन्तु कार्यकर्ता कभी पूर्व नही होगा इसलिए हमे कार्यकर्ता बनकर काम करना चाहिए भारतीय जनता पार्टी का गठन सत्ता के लिए नही सेवा के लिए हुआ है डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद व पं0 दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय की विचारधारा को लेकर संगठन काम कर रहा है हमारी पार्टी गांव गरीब किसान और मजदूरो को समर्पित है गरीबो को समर्पित भारतीय जनता पार्टी सरकार ने गरीबों को बिजली पानी मकान राशन जैसी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने का काम किया। अंतिम व्यक्ति तक विकास कि को मजबूत करने का काम

जिसके परिणाम स्वरुप इन्ही लोगो ने 2022 के विधानसभा चुनाव में दिल खोलकर पार्टी को वोट किया एक ओर जहां चार बेटे अपने माता पिता को दो रोटी नही दे पाते वही प्रधानमंत्री 80 करोड लोगो तक राशन पहुंचाने का काम किया तथा 3 करोड के लगभग मकान भी उपलब्ध कराये समाज के किरण नरेन्द्र मोदी की सरकार में पहुंचाने का काम किया यह परिवारवादी पार्टी नही है जितना हक मेरा और प्रधानमंत्री का है उतना ही हक गांव मे बैठे एक एक सम्मानित नागरिको का भी है, आप सब बधाई के पात्र है कि आपने अपने जनपद की चारो विधानसभा सीटों को जीतकर भारतीय जनता पार्टी किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने मंत्री समेत सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत अभिनन्दन करते हुए आये हुए सभी कार्यकर्ता पदाधिकारियों को आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद रामशकल राज्यमंत्री संजीव गोंड विधायक घोरावल अनिल कुमार मौर्य, सदर विधायक भूपेश चौबे, दुद्धी विधायक रामदुलारे गोंड, ब्लॉक प्रमुख व अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत रावत, ब्लॉक प्रमुख घोरावल दीपक पटेल, ब्लॉक प्रमुख करमा सीमा कोल, चोपन प्रमुख लीला देवी गोंड, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, जीत सिंह खरवार, अमरनाथ पटेल, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, अनूप तिवारी, शंम्भूनारायण सिंह, कैलास बैसवार, कन्हैया जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष रंजना सिंह, अशोक कुमार मौर्य, उदयनाथ मौर्य, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशाल पाण्डेय, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह, जिला महामंत्री युवा मोर्चा विनय श्रीवास्तव, रजनीश रघुवंशी, गुडिया त्रिपाठी सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला तरणताल में खिलाड़ियों का पंजीकरण शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद मुख्यालय पर स्थित राजकीय तरणताल में 11 अप्रैल से पंजीकरण प्रारंभ कर दिया गया है जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि जो भी व्यक्ति राजकीय तरणताल में तैराकी करना चाहता है वह किसी भी कार्य दिवस में जिला स्टेडियम में आकर अपना पंजीकरण करवा सकता है पंजीकरण फार्म का शुल्क रू0 20 रखा गया है तथा 18 वर्ष से कम आयु के लिए 300 एंव 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए रू0 600 प्रति माह पंजीकरण शुल्क रखा गया है साथ ही पंजीकरण कराने के लिए दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। तैराकी केवल स्विमिंग कॉस्टयूम में आकर ही कर सकते हैं खिलाड़ी कभी भी आकर अपना पंजीकरण करा लें।

एंबुलेंस में ही हुआ स्वस्थ बच्चा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। एंबुलेंस में हुआ स्वस्थ बच्चा उसका

बाजार के ग्राम पंचायत मुडिला में एक औरत को एंबुलेंस में ही प्रसव हो गया और बच्चा स्वस्थ हुआ ईएमटी नीरज कुमार और पायलट जितेंद्र जायसवाल के द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार में सुरक्षित पहुंचाया गया।

क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित रहूंगा: विनय वर्मा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के पीपीएस पब्लिक स्कूल प्रांगण में 2 दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक विनय वर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवपति इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य डॉ नलिनीकांत मणि त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, शिक्षक नेता रामबिलास यादव, शिव कुमार अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ पाण्डेय, प्रो रघुराज त्रिपाठी, डॉ वीके मधुकर, गोविंदलाल गुप्ता, नंदलाल वर्मा, सोनू निगम, वीके वर्मा, शिक्षक अपूर्व श्रीवास्तव ने स्कूली बच्चों के परफार्मेंस की

- **पीपीएस महोत्सव में स्कूली बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा, लोगों ने की सराहना**
- **कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे विधायक विनय वर्मा**

सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विनय ने कहा कि क्षेत्र की सेवा और विकास के लिए मैं आया हूँ, जहाँ मेरी जरूरत लोगों को पड़ेगी, मैं तैयार रहूंगा। इस दौरान स्कूली बच्चों ने फूल वर्षा कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्कूल के प्रबंधक पटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आये मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुँचे ग्राम प्रधान वीरेंद्र जायसवाल, राजेश कुमार गुप्ता, गुड्डू चौधरी, विजय कुमार गुप्ता, घनश्याम गुप्ता ने यशोमती मैया से बोली नन्दलाला, राधा क्यों गोरी मैं क्यों कला... के साथ रिकार्डिंग डॉन्स व नाट्यरूपांतरण की प्रतिभा की खूब सराहना की। कार्यक्रम के आयोजन मे पीपीएस स्कूल के समस्त स्टाफ की भूमिका अहम रही। कार्यक्रम का संचालन संजीत कुमार, जयश्री श्रीवास्तव, मुस्कान श्रीवास्तव ने किया।

दिव्यांगजनो को मिला अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां। ग्राम सभा छपवा नौतनवां महराजगंज में प्रयास

कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांग जनो की आर्थिक स्थिति एवं मबर्धन हेतु अगरबत्ती का प्रशिक्षण दिया गया एवं पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के प्रोग्राम मैनेजर अब्दुल हमीद द्वारा बताया गया की जो भी हमारे दिव्यांग भाई एवं बहन है उनके रोजगार से जोड़कर बाकलांग सर्टिफिकेट, यू डी आई डी कार्ड सहायक उपकरण का लाभ दिलाया जाए इसके उपरांत सुगम कर्ता कृष्ण कुमार के द्वारा बताया गया की जो ड्राफ आउट दिव्यांग भाई एवं बहन है उनके अभिभावकों से मिलकर उनका नामांकन कराया जाए जिससे उन सभी लोगों का सर्वांगीण विकास हो और अगर बत्ती का रोजगार करते हुए समाज के मुख्य धारा से जुड़े, उपस्थित सुनील, रेनू, प्रिया, गीता, शकुन्तला, माधुरी, शिला, रीना, सुशिला जैसे दर्जनों भाई एवं बहन उपस्थित रहे।

संकुल शिक्षक की बैठक हुई आयोजित

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। कक्षा एक के बच्चों को निपुण भारत कार्यक्रम

के द्वारा निर्धारित माड्यूल से ही पढ़ाएं। साथ ही साथ गतिविधि आधारित कक्षा के माहौल को रुचिकर बनाए। सभी शिक्षक निर्धारित मिशन प्रेरणा को सफल बनाने के लिए मिशन प्रेरणा से सम्बन्धित सारे कार्य करते हुए समय सारिणी का प्रयोग जरूर करें। अपने–अपने विद्यालय को प्रेरक बनाते हुए अपने ब्लाक गोला को भी प्रेरक ब्लाक बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उक्त बातें मंगलवार को ए आर पी गोला रामनयन शुक्ल ने गोला ब्लॉक के न्याय पंचायत नीबी दूबे प्राथमिक विद्यालय कोड़ार उर्फ बघोर नवीन में आयोजित शिक्षक संकुल बैठक में कही। संकुल शिक्षक हरे कृष्ण दुबे द्वारा डी०बी०टी० पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया और नवीन नामांकन के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षक संकुल अमृतांश ओझा द्वारा समय–सारिणी पर विस्तार पूर्वक बताया गया तथा योगेश मौर्या द्वारा स्वच्छता विद्यालय पुरस्कार और उपेंद्र यादव द्वारा तम्बाकू निषेधा अभियान के लिंक को शत प्रतिशत पूर्ण करने की बात कही। बैठक के समापन के पर कोड़ार उर्फ बघोर नवीन के प्रधानाध्यापक रवीन्द्र नाथ यादव द्वारा सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक में शिक्षक उपेंद्र दुबे, कुमैल असरफ, मालती देवी, मिथिलेश राय, विनोद सिंह, रमेश कुमार, सुशील तिवारी, अमित गुप्ता, अरविन्द पटेल, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संगीता देवी, रत्ना यादव, सरिता राय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

ग्रामीण के शिकायत पर चार माह से चल रही कोटे की जांच पूर्ण

तीन सदस्यी टीम ने लगाई रिपोर्ट, एसडीएम किया सस्पेंड

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। जनपद के खजनी तहसील क्षेत्र ग्राम सभा चरनाद में राशन अनियमियता व फर्जी यूनिट बढा कर कोटेदार द्वारा राशन डकारने का मामला सामने आया था। जिसको लेकर गांव से तमाम लोगो ने बिरोध करते हुए आवाज उठाया था। उक्त गांव के रमाशंकर त्रिपाठी, मेवालाल, कुलदीप द्वारा लिखित शिकायत सम्बन्धित अधिकारी को दी गयी थी। जिसको लेकर उच्चाधिकारी के दखल पर तीन सदस्यी जांच कमेटी बैठाई गयी। लम्बे जांच के बाद शिकायत सही पाया गया, तीन सदस्यी टीम द्वारा रिपोट तहसील अधिकारी को भेज दिया गया। रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम खजनी ने कोटे को निलंबित कर दिया गया। मामला खजनी तहसील क्षेत्र ग्राम सभा चरनाद ग्राम सभा है, जहां कई बर्षो से कोटेदार विमला शुक्ला पर राशन वितरण, यूनिक का फर्जीवाड़ा राशन धांधली करने के आरोप लगाए गए। राशन घोटाला को लेकर गांव बिरोध पर आगे आया। ग्रमीण लिखित शिकायत उच्चाधिकारी के पास किये। जिसपर तीन सदस्यी टीम को जांच सौंपी गई । जिसमे बीडीओ खजनी सीडीपीओ खजनी एसडीआई को जांच के आदेश दिए गए। लम्बे दिनों तक कोटे की जांच चली जिजमे तमाम प्रकार के अनियमियता मिला ,जैसे 7 मार्च को दुकान बंद पाया जाना, साइन बोर्ड दर स्टाक बोर्ड सुची अंत्योदय, पात्र गृहस्ती के सूची पारदर्शिता नही थी। जांच अधिकारी को स्टाक रजिस्टर व ई पॉस मशीन उवलब्ध नही कराई गई, अंत्योदय कार्ड धारक बबिता पत्नी महेंद्र, यशोदा पत्नी शिवराम कलावती पत्नी प्रभु का आरोप था उचित दर बिक्रेता के पुत्र का व्यवहार बहुत खराब है, ई पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाने के बाद तुरन्त राशन नही दिया जाता। इसी प्रकार जांच में कई खामियां सामने आई। तीन सदस्यी जांच टीम ने अपनी रिपोट एसडीएम को भेजा जिसपर तत्काल प्रभाव उचित दर बिक्रेता को निलंबित कर दिया गया। एसडीएम खजनी पवन कुमार ने बताया, जांच सौंपी गई थी, जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाया गया। उसके बाद उचित दर बिक्रेता को निलंबित कर दिया गया है।

पक्षियों की आस बुझा रहे भूख और प्यास मनोज कुमार दीक्षित

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। युवा कल्याण विभाग के सहयोगी संगठन युवक मंगल दल के द्वारा करमा ब्लाक के गडईगाड ग्राम पंचायत में पक्षियों के लिए भोजन व पानी का प्रबंध पेड़ में कसोरा बाँधकर किया गया। युवक मंगल दल के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दीक्षित ने बताया कि संगठन के जिलाध्यक्ष सौरभकान्त पति तिवारी के द्वारा अपने गृह ग्राम पंचायत देवरी खुर्द से इस अभियान का शुभारंभ किया गया उसी के तर्ज पर आज गडईगाड़ ग्राम पंचायत में पक्षियों के लिए दाना पानी रखा गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में तापमान की स्थिति देखने से यह प्रतीत होता है पिछले वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष भीषण गर्मी पड़ रहा है। जिसमे मानव जीवन पानी के आभाव में अस्त व्यस्त होता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में बेजुबान पक्षियों को दाना पानी का व्यवस्था करना अनाथ बच्चों की सेवा से कम नही है। वही युवक मंगल दल करमा के सचिव आलोक तिवारी व सामाजिक कार्यकर्ता दशमी पटेल ने बताया कि अपना पेट तो हर कोई भर लेता है लेकिन जो दूसरों के लिए जीता हो वही सच्चा इंसान होता है। इस मौके पर मनोज पटेल, सुरेश पटेल, सर्वदेव, रमेश, कमला यादव, रमन पाण्डेय, नितेश दुबे, राजाराम पाल, दीनानाथ यादव, रविशंकर मौर्या, लक्ष्मण, गोविन्द, संजय मौर्या, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

बलिया में हुए पत्रकार उत्पीड़न के विरोध में ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोरखपुर जनपद के गोला तहसील में

सोमवार को बलिया में हुए पत्रकार उत्पीड़न के विरोध में पूर्वांचल पत्रकार एसोशिएशन द्वारा राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार गोला सुनीता गुप्ता को सौंपा। विदीत हो कि यूपी बोर्ड के परीक्षा के दौरान बलिया जिला प्रशासन द्वारा अंग्रेजी इंटर का पेपर आउट होने के मामले में जिला प्रशासन अपनी कमियों को छिपाने के लिए खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पूरे प्रदेश में पत्रकार संगठनों ने विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया है इसी क्रम में पी पी ए ने सभी तहसीलों में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राजेश शर्मा, चन्द्रभान तिवारी, घनश्याम कसौधन, राकेश यादव, जेपी कुशवाहा, राजकुमार यादव, बृजभूषण दुबे, बसंत यादव, कृष्ण कुमार गोंड सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

देव तुल्य कार्यकर्ताओं को मिला सम्मान : आकाश अग्रवाल बजरंगी

सीतापुर। विधानसभा सीतापुर को जीतने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले भाजपा के बूथ अध्यक्षों, नगर के सभासदों सेक्टर संयोजक व प्रभारियों नगर कार्यकारिणी के सदस्यों व विधानसभा के मंडल अध्यक्षों को धन्यवाद ज्ञापित करने के उद्देश्य से सीतापुर नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल बजरंगी द्वारा देव तुल्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन अहमद नगर स्थित श्री कृष्णा कॉलेज के सभागार में किया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा, विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विधानसभा सभा संयोजक भंवर सिंह व विधानसभा विस्तारक अभिषेक ने कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर एवं कमल चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सांसद एवं मंत्री को चांदी का मुकुट पहनाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता नीव की ईट के समान होते हैं। इनको सबसे मजबूत होना ही चाहिए। पिता का सम्मान ही हमारी प्राथमिकता रही है और रहेगी नगर राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ताओं को संगठन ने विधायक व मंत्री बनाया है। अब प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आपको विधायक मान कर जन कल्याण करें। अचिन मेहरोत्रा ने कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनसे भविष्य में भी इसी प्रकार से पार्टी का झंडा बुलंद करने में अपना योगदान देने का संकल्प कराया। कार्यक्रम में संदीप अवस्थी, श्रवण शुक्ला, महेश वर्मा, श्रेयांश सिंह, कुसुम सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, नागेंद्र बाल्मीकि, सीमा जैन, संजय लोधी, विक्रम सिंह, विजय जायसवाल, कुक्की दीपक शुक्ला, देवेंद्र मिश्रा, भोला सुमित मिश्रा, अपूर्व अग्रवाल, शिवांश मिश्रा, सुरेश कनोजिया, राजवीर बाल्मीकि, तेजवानी जितेंद्र रस्तोगी, शुभम गुप्ता पल्लव, शैलेंद्र मिश्रा भड़काऊ, सभासद संजय मिश्रा, इंदू सिंह चौहान, लालता प्रसाद, शैलेश महेंद्र, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, झंकार नाथ शुक्ला, अमित वाधवानी, विवेक श्रीवास्तव, सौरभ रस्तोगी, पवन शुक्ला, देवेश मिश्रा, हर्षित अवस्थी आदि सहित लगभग 200 कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

अन्नपूर्णा साहित्य संगम के बैनर तले हुई साप्ताहिक काव्य गोष्ठी

सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम ने साप्ताहिक काव्य गोष्ठी के अनवरत क्रम को जारी रखते हुए काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता साहित्य संगम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष महफूज रहमानी ने की। संचालन राम किशोर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। अन्नपूर्णा सेवा संस्थान अध्यक्ष नवीन द्विवेदी संरक्षक के तौर पर उपस्थित रहे। गीता श्रीवास्तव की वाणी वंदना से आरंभ हुई। काव्य गोष्ठी में महफूज रहमानी, केपी मिश्रा, यासीन इब्ने उमर, राजकुमार श्रीवास्तव, शिव प्रताप सिंह चौहान, राम किशोर श्रीवास्तव, नफीस सीतापुरी, कन्हैया लाल शुक्ल, रियाजुद्दीन रियाज, गीता श्रीवास्तव, आलोक कुमार, मालती देवी, सूरज सीतापुरी व सुधांशु त्रिवेदी आदि ने रचना पाठ कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर अध्यक्ष नवीन द्विवेदी ने कहा कि संस्थान संस्थापक अनिल द्विवेदी को हम सब से बिछड़े एक वर्ष बीत गया है लेकिन उनके द्वारा लगाया गया साहित्यिक वट वृक्ष आज भी पल्लवित व पुष्पित हो रहा है। हम सब मिल कर इसी प्रकार समाज व साहित्य की सेवा करके उनके इस कारवाँ को आगे बढ़ाते रहेंगे। अध्यक्षता कर रहे महफूज रहमानी ने सुनाया नसीब देखो ना मालो जर देखो, सवारी करते हैं कुत्ते भी कार पर देखो। के0पी0 मिश्र ने कहा मैं तौ आगेकि लगन मईहांए बयाहब अपनौ लाल। राजकुमार श्रीवास्तव ने कहा लूट लुटाई हो रही लूटो लूटो लूट,

समय निकलता जा रहा लूट न जाए छूट। यासीन इब्ने उमर ने सुनाया चलो पाठशाला चलो पाठशाला, भरो ज्ञान का खूब मन में उजाला। राम किशोर श्रीवास्तव ने कहा जन्म लिया भारत में मैंने, भारत का लाल कहता हूं। गीता श्रीवास्तव ने कहा मेरा रूप सिंगार तुम ही हो, जीवन का आधार तुम ही हो। आलोक कुमार ने कहा आया बसंत आया बसंत, मेरे मन को भाया बसंत। सूरज सीतापुरी ने सुनाया मेरा नमन है मेरे चमन को, यह स्वप्न सावन भर हरा भरा है।

14 मई को राष्ट्रीय लोग अदालक का आयोजन

सीतापुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार सुदेश कुमारी, न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह जानकारी दी गयी कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मई दिन शनिवार को जनपद न्यायालय प्रांगण सीतापुर में तथा जनपद के समस्त बाह्य न्यायालय व समस्त तहसील स्तर में किया जा रहा है। जिसमें वादकारी तथा अधिवक्तागण कोविड.19 के सम्बन्ध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुएए समस्त निस्तारित योग्य वादों का निस्तारण करा सकेगें। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायाधीश, सुदेश कुमारी द्वारा जनपद न्यायाधीश कुलदीप कुमार द्वितीय के निर्देशानुसार बताया गया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा. 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व सम्बन्धी वाद, अन्य सिविल वाद किराया सुखाधिकार व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, बैंक के प्रीलिटिगेशन विवाद व अन्य सम्यक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है। समस्त विद्वान अधिवक्तागण एवं वादकारीगण अपने मामलों को सम्बन्धित न्यायालय में प्रार्थना पत्र के माध्यम से लगवाकर राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण करवाकर लाभ उठा सकते है। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप कुमार द्वितीय द्वारा बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में शासन द्वारा जारी कोविड.19 से सम्बन्धि समस्त गाइड लाइन्स का अक्षरसरू पालन किया जायेगा तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जायेगा।

अतिक्रमण अभियान के विरोध में सौंपा ज्ञापन

जौनपुर। व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल की अगुवाई में अतिक्रमण विरोधी अभियान के विरोध में पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने कहा कि इस समय त्योहार और लगन को देखते हुए इस मुहिम को रोका जाय।

कोरोनाकाल में व्यापारियों की माली हालत काफी बिगड़ चुकी है जिससे व्यापार काफी प्रभावित हो चुका है। उन्होंने राजस्व टीम पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी व कर्मचारी पूर्व में किये गये नाप व मौजूदा नाप में बहुत बड़ा अंतर आ रहा है, इसलिये मानक के अनुरूप नक्शे से नाप करायी जाय। ताकि लोगों में जो भ्रम पैदा है, उस भ्रम की स्थिति को खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि व्यापार मण्डल शहर के सुंदरीकरण और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाये जाने के लिये सहयोगात्मक रवैया रखता है। अनायास, अकारण व्यापारियों और शहर के लोगों को परेशान न किया जाय। इस अतिक्रमण विरोधी अभियान को रोका जाय। नगर अध्यक्ष अनवारूल हक गुड्डू, जिला युवा अध्यक्ष संजीव साहू, नगर महामंत्री अमरनाथ मोदनवाल, जिला संगठन मंत्री शशि श्रीवास्तव सभासद, बबलू खरवार, कृष्ण कुमार यादव सभासद, डा. हसीन बबलू सभासद, शकील मंसूरी, अजमत सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान की रैली

जौनपुर। स्कूल चलो अभियान के तहत ग्रामवासियों व अभिभावकों में जागरूकता के लिए कम्पोजिट विद्यालय तारा(उमरी) मुफ्तीगंज के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक एंव बच्चों ने हाथों में स्कूल चलो अभियान के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर, प्रेरक नारों के साथ रैली निकाली। ग्रामप्रधान तार जयप्रकाश सिंह ने विद्यालय प्रांगण से झंडा दिखाकर रैली को रवाना किया। प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में बच्चों की संख्या तीन सौ से अधिक है, हमारा प्रयास है कि इस वर्ष नामांकन पिछले वर्ष से अधिक हो और ग्रामसभा का छः वर्ष से 14 वर्ष के बीच का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रह पाए। साथ ही बताया कि विद्यालय कायाकल्प योजना से पूर्ण रूप से संतृप्त है।

ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों का चिन्हांकन शुरू

हरदोई। प्रधानमंत्री की मंशा है हर परिवार हीन को एक अदद छत मुहैया कराना है। जिसके तहत ग्राम सभाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पात्रता सूची में 2011 में छूटे परिवारों की पात्रता सूची तैयार होनी थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते पात्रता सूची में जमकर अनियमितताएं बरती गई थी। जिससे काफी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित हो गए थे, आज भी खुले आसमान के नीचे त्रिपाल डाल कर लोग जीवन यापन करने को विवश हैं। इसलिए शासन ने पुनः ग्रामीण क्षेत्र में पात्र परिवारों का चिन्हांकन रजिस्टर बना लिया जाए, जिसमें लाभार्थी का नाम, जाति,आधार कार्ड,जॉब कार्ड संख्या व मोबाइल नंबर दर्ज किया जाए। जिससे भविष्य में आवंटित लक्ष्य के अनुसार पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ दिया जा सके। पूरी पारदर्शिता का पालन किया जाए। शासन ने मुख्यमंत्री शिकायत नम्बर 1076 जारी किया है। कोई व्यक्ति ग्राम प्रधान, सचिव, दलाल, आवास दिलाने के नाम पर घूस मांगे तो दिए गए नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं।

भाजपा ने मनाया महात्मा ज्योतिराव फुले का जन्म दिन

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार आज 11 अप्रैल 2022 को महात्मा ज्योतिराव फुले के जन्म दिन के अवसर पर हरदोई सदर विधान सभा में बावन विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय बदरुद्दीनपुर में भाजपा अनुसूचित मोर्चा ,हरदोई द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष महिपाल गौतम ने विद्यालय में पढ़ रहे छात्र –छात्राओं को महात्मा ज्योतिराव फुले के जीवन संघर्ष पर विस्तार से बताया,साथ ही प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के बारे भी बताया। भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला कार्यकारिणी के सदस्य विक्रम लाल वर्मा ने जिलाध्यक्ष महिपाल गौतम के साथ बच्चों को कॉपी और पेंसिलें भी वितरित की।इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक लक्ष्मी तिवारी,सारिका शर्मा,कल्पना शुक्ला ,नीरज सिंह तथा ग्रामीण जन मौजूद रहे।

जेसीबी से दीवार गिराई, विरोध पर की छेड़छाड़

कानपुर। नौबस्ता में दबंगों ने जेसीबी से मकान की दीवार गिरा दी। महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने छेड़छाड़ की। पीड़िता ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। नौबस्ता खाड़ेपुर निवासी महिला ने बताया कि शनिवार शाम शिब्बू सिंह कछवाहा और ऋषभ सिंह समेत कई लोग आए थे। आरोप है कि उन्होंने जेसीबी से उसके मकान की दीवार गिरा दी। इस दौरान उसके ससुर भी घायल हो गए। उसने इसका विरोध किया तो शिब्बू सिंह ने छेड़छाड़ की। इंस्पेक्टर रत्नेश सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर शिब्बू सिंह कछवाहा और ऋषभ सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गर्मी की तपन से बदन झुलसा, पारा 41 डिग्री पार

गर्मी से पूरा दिन बेहाल रहे लोग, 2016 के बाद इस वर्ष शुरू हुई रिकार्डतोड़ गर्मी

उन्नाव, हाय गर्मी, पारा 41 डिग्री के ऊपर। हर तरफ गर्मी का उबाल। धरती तपने लगी। अब सूर्य की किरणें ज्वाला बन चली हैं। वे अप्रैल में ही जेठ का एहसास करा रही हैं। इसकी पुष्टि अधिकतम तापमान के 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने से भी की जा सकती है। प्रचंड गर्मी को लू भी असहनीय बना रही है। वहीं मौसम विभाग ने अगले अगले तीन दिनों तक तेज हवा लू चलने की चेतावनी जारी की है।

मार्च में रिकार्ड तोड़ गर्मी के बाद अब अप्रैल में भी जारी भीषण गर्मी का क्रम बरकरार है। सुबह 10 बजते–बजते सूर्य किरणें शरीर को झुलसाती महसूस हो रही हैं। शनिवार दोपहर 12 बजे ही पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया था। दोपहर दो बजने तक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है। हालांकि बीते शुक्रवार के मुकाबले 0.8 डिग्री उछाल देखने को मिला। न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहते हुए 24 डिग्री सेल्सियस रहा। दोपहर के वक्त हवा की रफ्तार भी अधिक रही। जिससे गर्मी के थपेड़ों से आम जन परेशान रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों के अनुसार भयंकर लू शुरू हो गयी है। गर्मी आगे और बढ़ेगी। कई वर्षो बाद इस साल की गर्मी रिकॉर्डतोड़ रही है। कूलर खस की सजने लगी दुकानें तेज गर्मी की आहट मिलते ही नगर के चौक चौराहों में कूलर खस की दुकाने सजने लगी है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में नए कूलर व पुराने कूलर के पार्ट्स व खस की बिक्री बढ़ गई है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष इनकी कीमत में बढ़ोत्तरी हुई है। इन दिनों पुराने कूलर की मरम्मत का कार्य अधिकांश घरों में किया जा रहा है। कूलर में खस और उड़न की नई पट्टी लगवाने का कार्य भी शुरू हो गया। शहर के विभिन्न स्थानों में खस और उड़न की पट्टी बेच रहे कारीगरों के पास लोग इसे खरीदने व कूलर की खस लगवाने पहुंच रहे।

एसपी राजेश द्विवेदी ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का किया मुआयना

हरदोई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा सप्ताह के प्रथम दिन हरदोई शहर में स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निरीक्षण किया। श्री द्विवेदी ने हमराही फोर्स के साथ बैंक के अंदर व बाहर संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चेकिंग की गई।बैंक में सीसीटीवी व सायरन चेक कर बैंक कर्मियों तथा गार्ड्स को सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा– निर्देश दिए गए।

दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देकर घर से निकाला

कानपुर। ग्वालटोली निवासी शहाना परवीन ने पुलिस को तहरीर दी। बताया,2013 में निकाह कर्नलगंज निवासी अब्दुल अबूजर से हुआ था। पति व ससुरालीजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया तो एक मुकदमा दर्ज कराया था। दस दिन पूर्व पति,सास कमरुन निशा,ससुर अब्दुल मजीद,अब्दुल साजिद जेठ,ननद सबिया खातून ने दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। वहीं, कर्नलगंज छोटे मियां हाता निवासी अनम फातिमा का निकाह पिछले साल जुलाई माह में जूही लाल कॉलोनी के मो. इकराम संग हुआ था। अनम का कहना है कि निकाह के कुछ दिनों बाद ही पति व ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। अनम का आरोप है कि पति ने फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया।

13 अप्रैल को आयोजित होगा रोजगार मेला

फिरोजाबाद। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी खुशबु शाक्य ने सूचित किया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, के तत्वाधान में 13 अप्रैल को आनलाइन रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में देश–प्रदेश की विभिन्न कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। उक्त रोजगार मेले में भाग लेने के लिये सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल ँ॑ .|ल्व्श्र |छ.न्द्र.छप्.प्छ एवं छ्रै.ळव्ट.प्छ पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को आनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा तथा पंजीकृत अभ्यर्थियों को विभाग के ँ॑ .|ल्व्श्र |छ.न्द्र.छप्.प्छ पोर्टल एवं छ्रै.ळव्ट.प्छ पोर्टल पर 12 अप्रैल की सायंकाल तक योग्यता व पदानुसार आवेदन करना होगा। उन्होने बताया कि उक्त मेला पूर्ण रूप से आनलाइन प्रक्रिया द्वारा आयोजित किया जा रहा है इसलिये किसी भी अभ्यर्थी को कार्यालय नहीं आना है। नियोजक आवेदित अभ्यर्थियों का दूरभाष, वीडियो कान्फ्रेंस, जूम एप आदि के द्वारा साक्षात्कार कर चयन कार्यवाही सम्पादित करेंगें। उन्होने यह भी बताया कि कार्यालय द्वारा आयोजित रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क होता है। यदि किसी नियोजक द्वारा धनराशि की मांग की जाती है तो उसकी शिकायत कार्यालय को दें। यदि किसी भी अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार का शुल्क दिया जाता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

परीक्षार्थियों के हथेली की चेकिंग कर दी चेतावनी

जौनपुर। पुराने समय को याद करते हुए टीडी कॉलेज में हर किसी की जुबान पर प्राचार्य हृदय नारायण सिंह का नाम अक्सर ही आ जाता है कि उनके समय जो अनुशासन रहा वह फिर दोबारा किसी और प्राचार्य के कार्यकाल में देखने को नहीं मिला। कई प्राचार्यो ने प्रयास किया लेकिन उस मुकाम तक पहुंच नहीं पाए अब मौजूदा समय में कुछ ही महीने पूर्व आयोग से नियुक्त प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने कालेज परिसर में अनुशासन कायम करने में जुटे हैं ।. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षा के दौरान आंतरिक फ्लाइंग स्क्वाड के साथ प्राचार्य प्रो0 आलोक सिंह ने साइंस बिल्डिंग, न्यू केमिस्ट्री बिल्डिंग और आर्ट्स बिल्डिंग के पचास से अधिक कक्षाओं परीक्षा के दौरान आंतरिक उड़न दस्ते के साथ परीक्षार्थियों की तलाशी ली और उनकी हथेली तक चेक की गई कि इसपर किसी ने कुछ लिखा तो नही है इस दौरान जो परीक्षार्थी कॉलेज ड्रेस कोड में नहीं थे उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई वही उन्हें निर्देश भी दिया गया कि किसी भी दशा में अपने साथ मोबाइल या कोई इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं लाएंगे साथ ही साथ पेन, प्रवेश पत्र ट्रांसपेरेंट पाउच में ही लाएंगे अन्यथा उन्हें परीक्षा कक्ष में नहीं बैठने दिया जाएगा। यही नहीं कॉलेज में अराजक तत्वों का प्रवेश पूरी तरह से रोकने के लिए प्राइवेट गनमैन को भी लगाया गया है जो दिन रात परिसर के भीतर सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद है ।तलाशी अभियान के दौरान डॉ विजय कुमार सिंह डॉ अरुण कुमार चतुर्वेदी डॉ रीता सिंह डॉ आभा सिंह डॉक्टर छाया सिंह डॉ हिमांशु सिंह डॉक्टर शैलेंद्र सिंह डॉक्टर शैलेंद्र सिंह व डॉक्टर जितेश सिंह मौजूद रहे।

अभिभावक संघ ने अभिभावकों की समस्या संबंधी बैठक की

हरदोई। निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि , निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने की बाध्यता को लेकर आक्रोशित अभिभावकों ने बैठक कर जिला प्रशासन से हस्तक्षेप व कार्यवाही की माँग की। शहर के शहीद उद्यान में अभिभावक संघ की बैठक में चर्चा की गई कि कोरोना आपदा में फीस न जमा कर पाने की वजह से ड्राप आउट हुए बच्चों का विद्यालयों में पुनः प्रवेश किया जाए। विद्यालयों में मनमानी फीसवृद्धि वापस ली जाए।सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें ही चलाई जाएं और प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तको को खरीदने की बाध्यता समाप्त की जाए। स्कूल बसों की फीस में मनमानी वृद्धि वापस ली जाए। प्रत्येक विद्यालय में अभिभावक शिक्षक समिति का गठन पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। बैठक में अभिभावक संघ के संरक्षक राकेश पांडे, शिव प्रकाश त्रिवेदी, आमिर किरमानी,अध्यक्ष गोपाल द्विवेदी, सचिव दानिश किरमानी कोर कमेटी मेम्बर अभिषेक गुप्ता, नवल किशोर व अभिभावक विनीत श्रीवास्तव,श्यामजी गुप्ता, पंकज अवस्थी,सत्येंद्र श्रीवास्तव, कलेक्टर सिंह,आशीष दीक्षित,संजीव अवस्थी, विकास ठाकुर,परिषा तिवारी,दीपक कपूर, अमित कुमार गुप्ता, सरोज कुमार शर्मा, सुधांशु शुक्ला,अखिलेश सिंह,राजीव शुक्ला, नितिन कुमार,रजनीकांत, मनोज कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

पांच बच्चों की माँ को दिया तीन तलाक,मुकदमा दर्ज

कानपुर। बिल्हौर के पूरा गांव की एक महिला को उसके शौहर ने तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने छरू दिन बाद आरोपित शौहर के खिलाफ तीन तलाक की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पूरा गांव की पीड़िता सोनी बानो ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी बीस साल पहले शिवराजपुर के हरनू गांव में सलीम खां उर्फ बबलू लाइनमैन के साथ हुई थी। इस समय उसके चार बेटियां व एक बेटा है। पीड़िता का पति आए दिन उसके साथ अभ्रद व्यवहार किया करता है। आरोप है कि 4 अप्रैल को वह अपने रिश्तेदारों के साथ घर पर थी। आरोप है कि उसी समय उसके शौहर ने रिश्तेदारों के सामने तीन तलाक दे दिया। पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह पीड़िता ने वहां से उत्तरीपूरा चौकी पर जाकर तहरीर दी। लेकिन चौकी प्रभारी ने कोई कार्रवाई न कर उसे टरका दिया। कड़ी मशक्कत कर छरू दिन बाद आरोपित शौहर के खिलाफ तीन तलाक की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू की गई है।

हार्ट रोगी कोरोना पॉजिटिव मिला

कानपुर। स्वास्थ्य विभाग भले ही दावा कर रहा हो कि शहर से कोरोना खत्म हो गया है लेकिन कार्डियोलॉजी में आ रहे हार्ट रोगी कोरोना पॉजिटिव मिल रहे हैं। 8 अप्रैल को दो पॉजिटिव मरीज आने के बाद . सुबह भी हार्ट रोगी कोरोना पॉजिटिव मिला है। डॉक्टरों ने उसे कार्डियोलॉजी में ही आइसोलेट कर दिया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की कोविड लैब से जारी 2180 सैंपलों की रिपोर्ट में एक हार्ट रोगी पॉजिटिव मिला है। हालांकि सीएमओ डॉ.नेपाल सिंह ने सर्विलांस टीम को लगातार सैम्पलिंग करने के निर्देश दिए हैं। उधार, कोविड लैब ने फिर से फतेहपुर के आए सैम्पलों को लौटा दिया है। लैब में सिर्फ कानपुर के ही सैम्पल लिए जाएंगे।

बाल सेवा योजना का लाभ मिला

जौनपुर ।अंशिका सोनकर पुत्र स्वर्गीय सुनील कुमार सोनकर, मोहल्ला सुखीपुर पोस्ट सदर, की निवासी है। परिवार में माता पूनम सोनकर, एक छोटी बहन और एक छोटा भाई है। आंशिका कक्षा दसवीं की छात्रा है, बहन कक्षा आठवीं की छात्रा है और भाई कक्षा चार में पढ़ता है। पिता की मृत्यु 16 जुलाई 2021 को ब्रेन ट्यूमर के कारण हो गई थी। पिता की मृत्यु के उपरांत परिवार की स्थिति बिगड़ने लगी जिसका प्रभाव इनके व भाई – बहन के शिक्षण कार्य पर भी पड़ने लगा। इसी दौरान समाचार पत्रों द्वारा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य की जानकारी मिली ।इसके पश्चात इन्होंने आवेदन किया और आवेदन स्वीकृत कर लिया गया। इन्होंने बताया है कि पिछले 05 महीने से इस योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है और इस योजना से प्राप्त धनराशि से इनके शिक्षण सामान्य तौर पर चलने लगा।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो होंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर , 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917 , 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com



रूमेटाइड अर्थराइटिस के जोखिम कम करने में मदद कर सकती हैं ये चाय, जानिए इनकी रेसिपी

रूमेटाइड अर्थराइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिससे ग्रस्त व्यक्ति के शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगती है। वहीं, इससे शरीर के जोड़ वाले हिस्सों में सूजन और तेज दर्द शुरू हो जाता है, इसलिए समय रहते इस बीमारी का उपचार जरूरी है। आइए आज आपको कुछ ऐसी चाय की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन रूमेटाइड अर्थराइटिस के जोखिमों को कम करने में काफी मदद कर सकता है।

रोजहिप टी

अगर आपको रूमेटाइड अर्थराइटिस है तो आपके लिए अपनी डाइट में रोजहिप टी यानी गुलाब के डंठल की चाय को शामिल करना लाभदायक हो सकता है। इस चाय को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में एक से दो कप पानी उबालें, फिर इसमें गुलाब के डंठल डालकर 5–10 मिनट तक पानी को उबालें। समय पूरा होने के बाद गैस बंद करके चाय को कप में छान लें। अब इसमें शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

नेटल टी

रूमेटाइड अर्थराइटिस के जोखिम कम करने में नेटल टी भी काफी मदद कर सकती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में दो कप पानी उबालें, फिर उसमें दो चम्मच नेटल की पत्तियों से बना पाउडर या तीन–चार पत्तियां डालें। अब दो–तीन मिनट बाद इस स्वास्थ्यवर्धक हर्बल टी का सेवन करें। आप चाहें तो इसमें स्वादानुसार शहद मिला सकते हैं। नोटरू नेटल टी का सेवन दिन में केवल एक–दो बार ही करें, इससे ज्यादा नहीं।

ग्रीन टी

ग्रीन टी एंटी–ऑक्सीडेंट गुण के साथ–साथ कई ऐसे पोषक तत्वों से समृद्ध होती है, जो रूमेटाइड अर्थराइटिस के जोखिम कम करने में सहायक हैं। इस चाय को बनाने के लिए गैस ऑन करके उस पर एक पैन रखकर उसमें पानी को गर्म करें, फिर पानी को एक कप में डालकर उसमें ग्रीन टी बैग को डालें। एक–दो मिनट बाद इस स्वास्थ्यवर्धक हर्बल टी का सेवन करें। आप चाहें तो इसमें स्वादानुसार शहद मिला सकते हैं।

ओलोंग टीः ओलोंग टी भी एंटी–ऑक्सीडेंट गुण से युक्त होती है, इसलिए इसका सेवन भी रूमेटाइड अर्थराइटिस के प्रभाव को कम करने में कारगर हो सकता है। इस चाय को बनाने के लिए गैस ऑन करके उस पर एक पैन रखकर उसमें पानी को गर्म करें, फिर पानी को एक कप में डालकर उसमें ओलोंग टी बैग को डालें। दो–तीन मिनट बाद इस चाय का सेवन करें। आप चाहें तो इसमें स्वादानुसार शहद या फिर मेपल सिरप मिला सकते हैं।

शोभिता धूलिपाला ने मेड इन हेवन 2 की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड अभिनेत्री शोभिता धूलिपाला ने बहुप्रतीक्षित रोमांटिक ड्रामा सीरीज मेड इन हेवन के दूसरे सीजन की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के साथ इस खबर

को शेयर किया। शोभिता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक एनिमेटेड पोस्टर साझा किया जिसमें वह अपने मेड इन हेवन के सिग्नेचर पोज में बैठी है। अभिनेत्री ने अपने दूसरे सीजन की शूटिंग के समापन की घोषणा करते हुए कैप्शन में लिखा, मेड इन हेवन के सीजन 2 की टॉपर तारा खन्ना ने शूटिंग पूरी हुई। इसे आपको दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। शोभिता ने शो के पहले सीजन में अपने प्रदर्शन से काफी फेम पाई थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो, अभिनेत्री के पास रॉनी स्क्रूवाला की सितारा, मणिरत्नम की मैग्नम ऑपस पोन्नियिन सेलवन (तमिल), तेलुगु फिल्म मेजर और हॉलीवुड प्रोजेक्ट मंकी मैन सहित कई प्रोजेक्ट हैं।

अयान मुखर्जी ने जारी किया ब्रह्मास्त्र का पहला लव पोस्टर, जमी रहेंगी निगाहें



पिछले 4 सालों से एक–दूसरे के साथ रिलेशन में रह रहे आलिया भट्ट और रणबीर कपूर इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह कपल आगामी 16 अप्रैल को विवाह के बंध में बंधने जा रहा है। इसकी तैयारियाँ जोर–शोर से जारी हैं। शादी की खबरों के बीच दोनों की बहुप्रतीक्षित फिल्म ब्रह्मास्त्र का नया पोस्टर सामने आया है। फिल्म के नए पोस्टर में पहली बार रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक साथ नजर आ रहे हैं। फिल्म के नए पोस्टर में जिस तरह से यह कपल नजर आ रहा है, उसे देखकर आपकी निगाहें दोनों पर टिक जाएंगी।

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी से कुछ दिन पहले अयान मुखर्जी ने ब्रह्मास्त्र का एक लव पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में, रणबीर और आलिया एक अंतरंग क्षण साझा करते हैं और एक–दूसरे के साथ गहराई से प्यार करते हैं। जैसा कि निर्देशक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ब्रह्मास्त्र का नया पोस्टर साझा किया, अयान ने यह भी उल्लेख किया कि इन दिनों हवा में कुछ अतिरिक्त प्यार है। ऐसा लगता है कि अयान ने अप्रत्यक्ष रूप से आलिया और रणबीर की शादी का संकेत दिया, जो 16 अप्रैल, 2022 को होगी।

अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने प्रशंसकों और अनुयायियों के साथ पोस्टर साझा करते हुए, अयान मुखर्जी ने पोस्ट को कैप्शन दिया, लव इज द लाइट! भाग एकरू शिव वह है जिसे अब ब्रह्मास्त्र का पहला अध्याय कहा जाता है। लेकिन सबसे लंबे समय तक, इसका उपयोग किया जाता है भाग एक होनारू प्रेम। क्योंकि इसके मूल में, ब्रह्मास्त्र प्रेम की ऊर्जा के बारे में है। एक प्रेम – जो आग की तरह फैलता है, फिल्म से परे, और जीवन में। तो यह है, हमारा प्रेम पोस्टर! समय सही लगता है यह इन दिनों हवा में कुछ अतिरिक्त प्यार है!) (और इसके साथ, केसरिया, प्रीतम (दादा), अमिताभ भट्टाचार्य, अरिजीत) शिव और ईशा के जादू का एक छोटा सा टुकड़ा। रणबीर और आलिया। प्यार – महानतम एस्ट्रा!

आलिया भट्ट ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म ब्रह्मास्त्र का नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आप देख सकते है कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक दूसरे में डूबे नजर आ रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में गाना बज रहा है। आलिया भट्ट ने पोस्टर शेयर के साथ लिखा है, लव एंड लाइट। फिल्म के इस पोस्टर को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं और कमेंट भी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के किरदार का नाम शिवा है और आलिया भट्ट के किरदार का नाम ईशा है। फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के अलावा अमिताभ बच्चन, मौनी रॉय, नागार्जुन अक्किनेनी और डिंपल कपाडिया अहम् रोल में हैं। फिल्म में शाहरुख खान कैमियो रोल में नजर आएंगे। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही ये फिल्म 9 सितंबर, 2022 को रिलीज होगी। इस फिल्म में पहला मौका होगा जब ये कपल स्क्रीन स्पेस शेयर करेगा।

ऐश्वर्या राजेश ने जारी किया जय–स्टारर कुट्तरम कुट्तरमे का ट्रेलर

अभिनेत्री ऐश्वर्या राजेश ने निर्देशक सुसेनथिरन की आने वाली एक्शन थ्रिलर कुट्तरम कुट्तरमे का ट्रेलर जारी किया, जिसमें अभिनेता जय, भारतीराजा और हरीश उत्थमन मुख्य भूमिका में हैं। ट्रेलर जारी करते हुए, ऐश्वर्या ने ट्वीट किया, कुट्तरम कुट्तरमे के ट्रेलर को जारी करते हुए खुशी हो रही है। ट्रेलर शानदार है, 14 अप्रैल को सुबह 10रू30 बजे कलैगनार टीवी पर फिल्म का प्रीमियर देखने के लिए उत्सुक हूं। टेलीविजन पर सीधे रिलीज होने वाली इस फिल्म में दिव्या दुरईसामी, स्मृति वेंकट और अरुल दोस भी शामिल हैं। ए के वी दुरई द्वारा निर्मित, फिल्म में अजेश का संगीत और वेलराज द्वारा सिनेमैटोग्राफर हैं। फिल्म के संवाद बस्कर शक्ति द्वारा लिखे गए हैं और कला निर्देशन सेकर बो द्वारा किया गया है।

अपने हेयर केयर रूटीन में शामिल करें केला, मिलेंगे अनगिनत फायदे

अमूमन लोग बालों की समस्याओं का कारण केमिकल्स युक्त हेयर प्रोडक्ट्स को मानते हैं, लेकिन इनकी वजह बालों को पर्याप्त पोषण न मिलना भी हो सकता है। खैर, वजह चाहें जो भी हो आप चाहें तो बालों की समस्याओं से राहत पाने और हेयर केयर प्रोडक्ट्स के विकल्प के तौर पर केले का इस्तेमाल कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि आप किन–किन तरीकों से केले को अपने हेयर केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं।

बतौर कंडीशनर करें इस्तेमाल

आप केले का इस्तेमाल कंडीशनर के तौर पर कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक कटोरे में एक केले को मैश करें, फिर इसमें एक बड़ी चम्मच शहद और दो बड़ी चम्मच जैतून का तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को सिर पर लगाएं और शॉवर कैप पहन लें, फिर इसके आधे घंटे बाद सिर को गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद जब यह मिश्रण बालों से पूरी तरह निकल जाए तो उसको माइल्ड शैंपू से धो लें।

चमकदार और मुलायम बाल पाने के लिए केले से करें हेयर स्पा

इसके लिए सबसे पहले एक पके केले को ब्लेंड कर लें, फिर केले के पेस्ट को एक कटोरी में दो बड़ी चम्मच जैतून के तेल के साथ मिलाएं। इसके बाद बालों को भाप देने के लिए एक बड़े से बर्तन में पानी गर्म कर लें और तौलिया ढककर 10 मिनट तक भाप लें, फिर केले और जैतून का मिश्रण अपने सिर पर लगाएं। 30 मिनट के बाद अपने सिर को माइल्ड शैंपू और ठंडे पानी से धो लें।

दोमुंहे बालों से राहत पाने के लिए केले का हेयर मास्क बनाएं

अमूमन लोग दोमुंहे बालों से राहत पाने के लिए हेयरकट करवा लेते हैं, लेकिन आप चाहें तो केले के हेयर मास्क से भी इस समस्या से राहत पा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में एक मैश केला, तीन–चार चम्मच दही, दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी का पाउडर और इतना पानी मिलाएं कि इसका पेस्ट बन जाएं। अब इस पेस्ट को अपने बालों में लगाएं और 30 मिनट के बाद सिर को माइल्ड शैंपू से साफ कर लें।

बालों को पोषित कर सकता है यह हेयर मास्क

पर्याप्त पोषण न मिलने के कारण बाल खराब होने लगते हैं, इसलिए इन्हें पोषित करना महत्वपूर्ण है और केला आपकी इसमें भी मदद कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में पके पपीते का एक चौथाई भाग (पिसा हुआ), एक पका केला और दो चम्मच शहद मिलाएं, फिर इस मिश्रण को सिर पर लगाएं और 15–20 मिनट के लिए सिर को शावर कैप से ढकें। इसके बाद सिर को पहले गुनगुने पानी से धोएं, फिर शैंपू से धोएं।